कार्यवाहीं अवैध लेआऊट पर चला प्रशासन का बुलडोजर,अन्य भूमाफियाओं में मचा हड़कंप

भूमाफियाओं की अब खैर नहीं

नवभारत न्यूज,
पांढुरना,2 फरवरी, देर आए दुरूस्त आए की तर्ज पर ही सहीं सोमवार को कलेक्टर के निर्देश पर एसडीएम के नेतृत्व में राजस्व एवं नगर पालिका द्वारा अमरावती मार्ग पर प्रदीन निहारे के अवैध लेआऊट पर बुलडोजर चलाते हुए इस अवैध लेआऊट को समतल किया,वहीं जवाहर वार्ड में दूसरे के खेत में बनाई गई ब्राउंड्रीवाल को भी तोड़ा,प्रशासन की इस कार्यवाहीं के चलते अन्य भूमाफियाओं में हडक़ंप व्याप्त है ।

गौरतलब हो कि पांढुरना जिला अस्तिव में आने के साथ ही यहां भूमाफियाओं द्वारा किसानों से उनकी कृषि उपज औने पौने दामों में खरीदने का सादौ पत्र बनाने के साथ ही इस कृषि भूमि पर अवैध रूप से लेआऊट बिछाकर यहां कोई भी मूलभुत सुविधाओं की व्यवस्था किए बगैर भोले भाले लोगों को लाखों रूपयों में प्लॉट बेचे जा रहे थे,जिसकी लगातार मिल रहीं शिकायतों को जिला कलेक्टर नीरज कुमार वशिष्ठ द्वारा गंभीरता से लेते हुए ऐसे अवैध लेआऊट को चिहिंत कर इनके खिलाफ कार्यवाहीं किए जाने के दिए गए निर्देशों के परिपालन में सोमवार को अनुविभागीय राजस्व अधिकारी अलका इक्का के नेतृत्व में तसहीलदार विनय प्रकाश ठाकुर,राजस्व निरीक्षक, हल्का पटवारी,नगर पालिका के अतिक्रमण तोडू दस्ते के साथ नगर के अमरावती मार्ग पर सडक़ किनारे प्रदिप निहारे नामक युवक द्वारा कृषि भूमि पर अवैध रूप से बिछाए गए अवैध लेआऊट पर जेसीबी मशिन चलाते हुए इस कृषि भूमि पर बनाई कच्ची सडक़ के साथ ही खेत में प्लॉट के लिए चिहिंत सिमेंट के पोल को भी जमीनदौज किया गया ।

दूसरे के खेत में अतिक्रमण करना पड़ा मंहगा

इसी प्रकार नगर के जवाहर वार्ड के एक खेत में चारो और से लगाई गई सिमेंटीकृत पोल की फेसिंग पडोसी किसान के खेत में करने तथा खेत मालिक द्वारा इस बात का विरोध करने पर खेत मालिक के साथ विवाद करने पर आमादा होने की शिकायत पर राजस्व विभाग की टीम द्वारा दूसरे खेत के मालिक के खेत में की गई फैसिंग को जेसीबी मशीन से तोडा गया ।

नेताओं के दरबार में हाजरी लगाने पहुंचे भूमाफिया जिला कलेक्टर नीरज वशिष्ठ के निर्देशों पर अनुविभागीय राजस्व अधिकारी अलका इक्का के नेतृत्व में की गई इस तरह की पहली सख्त कार्यवाहीं के चलते नगर सहित क्षेत्र के ग्रामों के कृषि भूमि पर अवैध लेआऊट बिछाने वाले भूमाफियाओं तथा इनके दलालों में हडक़ंप छाया रहा,यह भूमाफिया अपने सफेद पोश आकाओं के दरबार में गुहार लगाते भी नजर आए ।

प्रशासन की अपील

अनुविभागीय राजस्व अधिकारी अलका इक्का द्वारा आम लोगों से किसी भी अवैध कॉलोनी में प्लांट नहीं खरीदने की अपील की है,उन्होंने कहा कि ऐसे अवैध कांलोनियों में प्लांट खरीदने वालों को बाद में यहां पर मुलभूत सुविधाएँ जिसमें बिजली,पानी,सडक़ नहीं मिलने यह लोग बाद में बहुत अधिक पछताते है। नगर में भी कुछ कॉलोनी है ऐसी भी जहां पर लोगों द्वारा प्लांट तो खरीद लिए लेकिन अब भी उन्हें वहां मुलभूत सुविधाएं नहीं मिल रहीं है,ऐसे कई प्रकरण राजस्व तथा नपा में विचाराधीन है। इसलिए कहीं भी अवैध कांलोनी में प्लांट नहीं खरीदे ।

इनका कहना है ..

नगर के अमरावती मार्ग पर एक खेत में प्रदीप निहारे नामक युवक द्वारा कुछ लोगों को प्लांट बेचने तथा इसकी रजिस्टी भी होने की शिकायत मिलने पर जिला कलेक्टर के निर्देश पर आज इस अवैध लेआऊट पर बनी कच्ची सडक़ को समतल करने के साथ ही प्लांट के लिए लगाएं गए सिमेंट के पौल को तोडा गया है। इस तरह की कार्यवाहीं नगर सहित क्षेत्र के ग्रामों में जहां भी नियम विरूध्द प्लॉट बेचे जा रहे कार्यवाहीं की जाएंगी .

श्रीमती अलका इक्का
एसडीएम पांढुरना

क्या सिर्फ खानापूर्ति तक ही सीमित रहेंगी रहेंगी?

प्रशासन द्वारा पहली बार इस तरह अवैध लेआऊट के खिलाफ की गई सख्त कार्यवाही को देख जागरूक जिलेवासियों द्वारा तो प्रशासन की इस तरह की कार्यवाही की मुक्त कंठ से सराहना कि जा रही है। लेकिन वहीं पूरे जिले में जन चर्चाओं का बाजार भी तूल पकड़ने लगा है कि क्या प्रशासन आगे भी इसी तरह की सख्त कार्यवाही अन्य भू माफियाओं द्वारा बिछाएं गए अवैध लेआऊट धारकों पर भी करेंगे ? या सिर्फ खानापूर्ति के नाम पर इस तरह की कार्यवाही का भू माफियाओं को भय दिखाकर वर्षों से खुलेआम संचालित हो रहा यह अवैध कारोबार इसी तरह पहले की तरह ही आगे भी साठगांठ तथा सफेदपोश नेताओं के संरक्षण में चलता रहेगा ?

सौंसर निवासी प्रदीप निहारे पांढुरना में बेच रहा था अवैध प्लांट

प्रशासन द्वारा नगर के अमरावती मार्ग पर जिस अवैध लेआऊट पर बुलडोजर चलाकर इस भूमि को समतल किया गया है,यह अवैध लेआऊट सौसर निवासी प्रदीप निहारे का बताया जा रहा है । सूत्रों की माने तो नगर के अन्य क्षेत्रों की कृषि भूमि पर भी इसके द्वारा इसी तरह अवैध लेआऊट बिछाकर प्लांट बेचे जा रहे है,बताया जा रहा है कि इस कारोबार में इसके साथ सौंसर के अन्य कुछ सफेदपोश रसूखदार लोग भी शामिल है।

मानसिक स्वास्थ्य के प्रति संवेदनशीलता बढ़ाने की पहल

ग्रामीण क्षेत्रों में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

नव भारत न्यूज पांढुरना,2 फरवरी, ग्रामीण आदिवासी समाज विकास संस्थान द्वारा संचालित 'नलम सामुदायिक मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम' के माध्यम से पांढुर्णा विकासखंड में मानसिक स्वास्थ्य के प्रति संवेदनशीलता बढ़ाने और सामाजिक भ्रांतियों को जड़ से मिटाने के निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। इसी क्रम में ग्राम सिवनी एवं ग्राम पारडी में जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य मानसिक रोगों को लेकर समाज में व्याप्त डर और संकोच को दूर करना तथा उपचार की सुलभता सुनिश्चित करना रहा। कार्यक्रम के दौरान नलम कार्यकर्ताओं ने ग्रामीणों को संबोधित करते हुए स्पष्ट किया कि मानसिक स्वास्थ्य अब उपेक्षा का विषय नहीं है, बल्कि यह शारीरिक स्वास्थ्य जितना ही महत्वपूर्ण है। जिला प्रशासन एवं रेडक्रॉस सोसाइटी के सहयोग से संचालित इन प्रयासों की जानकारी देते हुए कार्यकर्ताओं ने बताया कि सही समय पर विशेषज्ञ की सलाह और उचित देखभाल से मानसिक समस्याओं का पूर्णतः समाधान संभव है। उन्होंने इस बात पर विशेष जोर दिया कि जानकारी के अभाव में लोग मानसिक रोगों को दैवीय प्रकोप या अन्य भ्रांतियों से जोड़ देते हैं, जबकि यह एक चिकित्सकीय स्थिति है जिसका सफल इलाज उपलब्ध है।

संस्था द्वारा क्षेत्र में दी जा रही निःशुल्क सेवाओं की विस्तार से जानकारी भी दी गई। बताया गया कि विकासखंड के विभिन्न स्वास्थ्य केंद्रों पर प्रतिमाह विशेषज्ञों द्वारा उपचार प्रदान किया जाता है।

ग्रामीणों की सुविधा के लिए निर्धारित समय सारिणी के अनुसार प्रत्येक माह के प्रथम शनिवार को उपस्वास्थ्य केंद्र कौड़िया, द्वितीय शनिवार को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र सिवनी, तृतीय शनिवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र नांदनवाडी तथा चतुर्थ शनिवार को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र तिगांव में मनोचिकित्सक उपस्थित रहकर मरीजों की जांच करते हैं और उन्हें निःशुल्क परामर्श एवं दवाइयां उपलब्ध कराई जाती हैं।

जागरूकता कार्यक्रम में कार्यकर्ताओं ने ग्रामीणों से धैर्य बनाए रखने की अपील करते हुए कहा कि मानसिक रोगों का उपचार लंबा चल सकता है, इसलिए चिकित्सक के परामर्श का नियमित पालन करना और दवाइयों का सेवन बीच में न छोड़ना अत्यंत आवश्यक है। साथ ही समाज से मानसिक रोगियों के प्रति सकारात्मक एवं सहानुभूतिपूर्ण दृष्टिकोण अपनाने का आह्वान किया गया, ताकि मरीज शीघ्र स्वस्थ होकर मुख्यधारा में लौट सकें। कार्यक्रम के अंत में नलम टीम ने ग्रामीणों से अपील की कि वे अपने आसपास मानसिक रूप से अस्वस्थ व्यक्तियों को चिन्हित करने में सहयोग करें, ताकि कोई भी व्यक्ति उपचार से वंचित न रहे।

संकल्प से समाधान के तहत शिविर संपन्न

नव भारत न्यूज बडचिचोली,2फरवरी , ग्राम पंचायत बडचिचोली के परिसर में संकल्प से समाधान के तहत शिविर का आज आयोजन किया गया जिसमें शासन के द्वारा चलाई जारी विभिन्न योजनाओं की जानकारी सचिव पवन गोरे द्वारा दी गई तथा योजना में इंदिरा गांधी वृद्ध अवस्था पेंशन योजना विधवा पेंशन योजना लाडली लक्ष्मी योजना विकलांग पेंशन योजना प्रधानमंत्री सम्मान निधि मुख्यमंत्री सम्मान निधि प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना तथा शासन के द्वारा चलाई जारी अन्य जानकारी के तहत ग्रामीणों के द्वारा 216 आवेदन दिए गए जिसमें उपस्थित सरपंच भारती शेडे सचिव पवन गोरे पटवारी अविनाश अँबुलकर कृषि विस्तार अधिकारी साक्षी खरात पशु चिकित्सा अधिकारी एसके इरपाची विद्युत विभाग जेई मदनलाल करपे सेवा सहकारी समिति के प्रबंधक नंदकिशोर ठवरे आंगनवाड़ी कार्यकर्ता तथा ग्रामीण उपस्थित थे .

सुनीता कवड़े श्री राम सेना की दुर्गा वाहिनी की जिला उपाध्यक्ष मनोनीत

नवभारत न्यूज,
पांढुरना,2 फरवरी, नगर के गायत्री मंदिर में सोमवार को संपन्न हुई श्री राम सेना की महत्वपूर्ण बैठक में सर्वसम्मिती से दुर्गावाहिनी के जिला उपाध्यक्ष के पद पर सुनीता कवड़े को मनोनित किया गया है,जिन्हें समिति के पदाधिकारी तथा सद्स्यों द्वारा बंधाईया दी गई।

नगर के जलाराम वार्ड स्थित गायत्री मंदिर में सोमवार को श्री राम सेना के जिला अध्यक्ष राहुल बालपांड़े की अध्यक्षता में महत्वपूर्ण बैठक संपन्न हुई,जिसमें संगठन के अन्य विषयों पर चर्चा उपरांत सर्वसम्मिती से श्री राम सेना के दुर्गावाहिनी के जिला उपाध्यक्ष पद पर सुनीता कवड़े को मनोनित करने की विधिवत घोषणा करने के साथ ही इन्हें संगठन की जिला अध्यक्षा श्रीमती रिया ओरिया,संगठन मंत्री श्रीमती किरणताई पवार के हस्ते नियुक्ति पत्र सौपा गया । इस अवसर पर बैठक में उपस्थिजनों द्वारा श्रीमती कवड़े को बंधाईया दी गई,इस बैठक में प्रमुख रूप से सर्वश्री नरेश पहलवान ,सुरक्षा प्रमुख निलेश जसुतकर,युवा सेना प्रमुख सतनाम ड्क्षसग भादा,हरभजन सिंग जुन्नी,जिला मिडिया प्रमुख सुनील कवड़े,मातृशक्ति अंजलि काकड़े आदि प्रमुख रूप से उपस्थित थे । -

विवाहिता के साथ छेड़खानी

नागपुर. लगातार विवाहिता का पीछा कर उसे प्रताड़ित कर रहे युवक के खिलाफ हुड़केश्वर पुलिस ने छेड़खानी और धमकाने का मामला दर्ज किया है. आरोपी जीजा मातानगर, दिघोरी निवासी सतीश गौरीशंकर कोलते (20) बताया गया. पुलिस ने 30 वर्षीय पीड़िता की शिकायत पर मामला दर्ज किया. पीड़िता लोगों के घरों में सफाई काम करती है. पति सिक्योरिटी गार्ड की नौकरी करता है. उसी सिक्योरिटी कंपनी में सतीश सुपरवाइजर है. इस वजह से पीड़िता सतीश को जानती है. पिछले 3 महीनों से पीड़िता अपने पति से अलग रह रही है. इसकी जानकारी सतीश को थी. विगत 14 जनवरी से सतीश लगातार महिला का पीछा कर रहा था. मना करने के बावजूद घर पर मिलने आता था. काम पर जाते समय पीछा करता था. 27 जनवरी की दोपहर और शाम को सतीष ने 2 बार पीड़िता को कॉल किया. आपत्तिजनक टिप्पणी करते हुए संबंध बनाने की मांग करने लगा. पीड़िता ने उसे समझाने की कोशिश लेकिन वह कुछ सुनने को तैयार नहीं था. पुलिस में रिपोर्ट करने पर अंजाम बुरा होने की धमकी दी. आखिर परेशान होकर पीड़िता ने उसका फोन काट दिया.

प्रतियोगितायें युवा प्रतिभाओं को आगे बढाने अवसर देती है: मोहोड

नवभारत न्यूज़
सौंसर 2 फरवरी.स्वं. मुकेष रूंघे की स्मृति में एसीसी क्रिकेट क्लब के तत्वावधान में आयोजित भव्य टेनिस बॉल क्रिकेट प्रतियोगिता का जिला भाजपा अध्यक्ष संदीप मोहोड हस्तें पुरस्कार वितरण के साथ समापन हुआ। अवसर पर वरिष्ठ भाजपा नेता इंदरचंद्र डागा, राजेन्द्र भक्ते, जिला उपाध्यक्ष रामकृष्णा वाकोडे, नगर पालिका उपाध्यक्ष विनोद जुनघरे, मंडल अध्यक्ष नामदेव पाल, पार्षद रामकृष्णा राऊत, सुनील खंडाईत, प्रशांत ठाकरे, हरीष यादव, किशोर राऊत, भाजयुमों अध्यक्ष सौरभ अढाऊ, कढैया सरपंच दिनेश भलावी मंचासीन थे। जिलाध्यक्ष श्री मोहोड ने कहा कि, खेल न केवल शारीरिक विकास का माध्यम है, बल्कि यह अनुषासन, टीम भावना और नेतृत्व

के गुण भी विकसित करता है। इसप्रकार की प्रतियोगितायें ग्रामीण एवं नगर क्षेत्र के युवा प्रतिभाओं को आगे बढने का अवसर प्रदान करती है। जो समाज के लिये सराहनीय प्रयास है। स्व. मुकेश रूंघे की स्मृति में आयोजित यह प्रतियोगिता युवाओं के लिये प्रेरणास्त्रोत बनेगा। प्रतियोगिता में प्रथम बेरडी लिजेंट टीम, द्वितीय तीगांव की टीम एवं तृतीय एसीसी क्रिकेट टीम को दिया गया। सफलतार्थ अविनाश रूंघे, अशोक घाटोडे, हर्षल गुर्वे, अभिषेक गुर्वे, यश चौधरी, प्रेम चौधरी, किशोर चवारे, हिमांषू खंडाईत, कुणाल चवारे, रोशन हेडाऊ, तुषार बरदे प्रयास किया।

बड़चिचोली में परचम कुशाई के साथ उर्स महोत्सव का शुभारंभ

नवभारत न्यूज, बड़चिचोली,2 फरवरी,

ग्राम फरीद वाटिका में आज 2 फरवरी को परचम कुशाई तथा बाबा के मचार पर चादर पेश उर्स महोत्सव को शुभारंभ हुआ, यह महोत्सव आगामी 7 फरवरी तक विभिन्न कार्यक्रमों के साथ मनाया जाएंगा। जिसको लेकर दरबार कमेटी के साथ ही ग्रामीणों में उत्साह का माहौल बना हुआ है।

प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी ग्राम बड़ चिचोली की प्रसिद्ध फरीद वाटिका में 2 फरवरी से आगामी 7 फरवरी तक मनाएं जाने वाले उर्स शरीफ महोत्सव का आज 2 फरवरी सोमवार की सुबह 10 बजे उर्स दरबार कमेटी के पदाधिकारी तथा ग्रामीणों की मौजूदगी में परचम कुशाई निशान फहराने के साथ ही बाबा की मजार पर चादर पेश कर ग्राम के सभी प्रमुख देवी,देवताओं के मंदिरों में भी विधिवत पूजा अर्चना कर इस उर्स शरीफ महोत्सव का शुभारंभ किया गया है। यह महोत्सव आगामी 7 फरवरी तक चलेगा,इस दौरान विभिन्न कार्यक्रम संपन्न होंगे ।

आज के कार्यक्रम में प्रमुख रूप दरबार कमेटी के पद्माकर बावने,उपाध्यक्ष शेख नूर मोहम्मद,किरण कडु,प्रशांत कडु,सचिव दामोदर दलवी,शेख कुदरत,श्रीकांत महाजन,संदीप गजभिए,सुधाकर लाडक़े,शेख रमजान,शेख शकील,मधुकर गजभिए,प्रवीण इंगले,धनराज डिगरसे,आदि प्रमुख रूप से उपस्थित थे ।

फ़ोटो निर्वाचन नामावली के कार्यो का निरीक्षण करने आज पांढुरना जिले में आएंगे रोल प्रेक्षक

पांढुरना,2 फरवरी, मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी, मध्यप्रदेश, भोपाल द्वारा जिले में संचालित फोटो निर्वाचक नामावली के गहन पुनरीक्षण 2026 अंतर्गत किए जा रहे कार्यों के निरीक्षण के लिए रोल प्रेक्षक मनीष सिंह, सचिव, मध्यप्रदेश शासन को नियुक्त किया गया है।निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार दिनांक 03 फरवरी 2026 को रोल प्रेक्षक मनीष सिंह द्वारा पांढुर्णा जिले की विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 125-सौसर का भ्रमण किया जाएगा। भ्रमण के दौरान वे दोपहर 2:00 बजे से 3:00 बजे तक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी, सौसर के कार्यालय का निरीक्षण करेंगे। इस दौरान उनके द्वारा फोटो निर्वाचक नामावली के गहन पुनरीक्षण अंतर्गत किए जा रहे कार्यों की समीक्षा की जाएगी, साथ ही संबंधित अभिलेखों का परीक्षण कर आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए जाएंगे।इसके पश्चात रोल प्रेक्षक द्वारा विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न मतदान केंद्रों में चल रहे कार्यों का अवलोकन किया जाएगा। निरीक्षण के दौरान निर्वाचक सूची में नाम जोड़ने, हटाने, संशोधन, स्थानांतरण एवं अन्य दावों-आपत्तियों से संबंधित गतिविधियों की प्रगति की समीक्षा की जाएगी।

निरीक्षण कार्यक्रम के उपरांत दोपहर 3.40 बजे से कलेक्टर सभा कक्ष, पांढुर्णा में एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की जाएगी। उक्त बैठक में मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों के प्रमुख/प्रतिनिधि, निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी एवं सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी उपस्थित रहेंगे। बैठक के दौरान रोल प्रेक्षक द्वारा फोटो निर्वाचक नामावली के गहन पुनरीक्षण 2026 से संबंधित विभिन्न पहलुओं पर चर्चा करते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए जाएंगे तथा राजनैतिक दलों से प्राप्त सुझावों पर भी विचार किया जाएगा। उक्त निरीक्षण एवं बैठक का मुख्य उद्देश्य निर्वाचक नामावली को त्रुटिरहित, अद्यतन एवं पारदर्शी बनाना है, जिससे प्रत्येक पात्र नागरिक का नाम निर्वाचक सूची में सुनिश्चित रूप से दर्ज हो सके।

डॉ . वीरेंद्र सिंह धुर्वे ने स्वास्थ केंद्र का किया निरीक्षण

नवभारत न्यूज़
सौंसर 2 फरवरी.आज प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बोरगांव में प्रदेश स्तरीय कायाकल्प कार्यक्रम के अंतर्गत डॉ. वीरेंद्र सिंह धुर्वे ने स्वास्थ केंद्र का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने अस्पताल प्रबंधन, साफ-सफाई, पेयजल सुविधा और अन्य महत्वपूर्ण बिंदुओं पर गहन मंथन किया। इस दौरान डॉ. दीक्षा लाम्बा,डॉ. कामना शिव, फार्मासिस्ट प्रफुल ठाकरे,नर्सिंग ऑफिसर शीतल शर्मा, लेब तकनीशियन किरण मंडलेकर ,फार्मासिस्ट हुमा परवीन, श्रीधर गायकवाड़, प्रियंका सोनकर,आशा कार्यकर्ता सविता गोखे, मंदा कमड़े, शांता बोबडे उपस्थित थीं।

कार्यालय कलेक्टर छिंदवाड़ा मध्य प्रदेश एवं पदेन उप सचिव

मध्य प्रदेश शासन राजस्व विभाग

क्रमांक /765380/ प्रस्तु0/ भू-अर्जन / 2026 छिंदवाड़ा, दिनांक 27/01/2026

कार्यपालन यंत्री, जल संसाधन संभाग छिन्दवाडा द्वारा प्रस्तुत प्रस्ताव अनुसार मौजा ग्राम-घाट परासिया, तहसील छिंदवाडा, जिला छिन्दवाडा के घाट परासिया (नवेगांव) जलाशय के बांध/नहर निर्माण से डूब क्षेत्र हेतु निजी भूमि के अर्जन के संबंध में भूमि अर्जन, पुनर्वासन और पुनर्व्यवस्थापन में उचित प्रतिकर और पारदर्शिता का अधिकार अधिनियम 2013 की धारा-19 (1) के अन्तर्गत अधिसूचना का प्रकाशन मध्यप्रदेश के राजपत्र भाग-1 में दिनांक 18 अक्टूबर, 2024 को किया गया है। तदुपरांत अधिनियम मे वर्णित प्रावधानों के तहत निर्धारित समयावधि एक वर्ष के भीतर धारा 23 के तहत अवार्ड आदेश पारित नहीं किया गया है।

कार्यपालन यंत्री, जल संसाधन संभाग छिन्दवाडा के पत्र क्रमांक 35/कार्य/2026 छिन्दवाडा दिनांक 01.01.2026 के परिपेक्ष्य में भूमि अर्जन, पुनर्वासन और पुनर्व्यवस्थापन में उचित प्रतिकर और पारदर्शिता का अधिकार अधिनियम 2013 की धारा-25 के अन्तर्गत समुचित सरकार द्वारा बारह मास की अवधि के अवसान उपरांत, अवसान अवधि से आगामी बारह माह की अवधि के लिये समयवृद्धि की जाती है।

भूमि का वर्णन पूर्ववत् यथावत् निर्धारित रहेगा, किसी भी प्रकार के परिवर्तन की आवश्यकता नहीं है।

मध्यप्रदेश के राज्यपाल के नाम से
तथा आदेशानुसार
(हरेंद्र नारायन)
कलेक्टर एवं पदेन उप सचिव
मध्यप्रदेश शासन राजस्व विभाग

G-25238/25

धनोज कुनबी समाज का वार्षिक स्नेह सम्मेलन संपन्न हुआ

नवभारत न्यूज़
सौंसर 2 फरवरी. धनोज कुनबी समाज संगठन सौसर का वार्षिक स्नेह सम्मेलन विठ्ठल मंदिर बाजार चौक घोटी में सुखदेवजी बल्कि कि अध्यक्षता में संपन्न हुआ। सभी समाज संगठन सावनेर वनी,वरोरा, चंद्रपुर,राजुरा, भद्रावती,गढचांदुर नागपुर के सभी समाज संगठन के अध्यक्ष एवं अपने अपने संगठन के पदाधिकारियों के साथ सम्मेलन में पहुंचे,सौसर संगठन के अध्यक्ष युवराज वासाडे ने जो सम्मेलन के पुर्व में अपने साथीयों के साथ मिलकर गांव गांव जाकर सम्मेलन के प्रति जागरूकता अभियान चलाया गया उनके चलते आजतक के सबसे अधिक समाज बंधुओ

की उपस्थिति नजर आयी। भद्रावती के अध्यक्ष पांडुरंगजी टोंगे ने समाज में एकजुटता से हर कार्य संभव हो सकता है,चाहे राजनीतिक हो या सामाजिक एकता सबसे बड़ी ताकत है। एवं सौसर समाज के अध्यक्ष युवराज वासाडे ने अगला लक्ष समाज भवन निर्माण हेतु हर संभव प्रयास किए जायेंगे तथा प्रमुख अतिथि मनोहर भाऊ कुंभारे ने कहा कि समाज में युवाओं का शिक्षीत होना सबसे बड़ी ताकत है। सामाजिक कार्यकर्ता मोहनभाऊ ताजने तथा वामनजी ठोबरे बताया कि समाज कार्य हेतु हर संभव मदद करने का वादा किया। पुर्व जिला पंचायत सभापति विलास जोगी ने महाराष्ट्र के समाज बंधुओं व्दारा किये गये सहयोग की सराहना की।सम्मेलन में छात्रों को, एवं समाज में उत्कृष्ट कार्य करने वाले व्यक्तियों का सत्कार किया गया कार्यक्रम में सौसर तथा नागपुर जिले के सर्वाधिक समाज बंधुओं ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। एवं समाज संगठन के पदाधिकारियों में से श्रीपत दातारकर उपाध्यक्ष,राजु बोबडे उपाध्यक्ष, शंकर राव सावनकर कोषाध्यक्ष, दिनेश पिपंलकर सचिव,ओमप्रकाश भोयर सहसचिव, डॉ सेवकराम गमे सदस्य, रिमाजी देठे, शंकर राव वासाडे, तुकाराम बोबडे, उत्तमराव माथनकर, प्रशांत उरमाले, श्रावण खिरडकर ,शंकर राव चटप, अंकुश सावनकर, विनायक बल्कि, दिनेश बोबडे , रामकृष्ण पिंपलकर, राजु वरखडे,रामभाऊ बोबडे, मुन्ना काकडे,रमाकांत घोरमारे, सचिन घानोडे, फुलदास काटोले,सौ नेहा ताई जोगी, तथा संरक्षक समिति सदस्य श्री मेघराज जोगी, केशवराव ताजने प्रभाकर पारखी, लीलाधर जोगी, लक्ष्मन घोरमारे, श्री पुनाजी देवतले,वामन ठोंबरे, सुखदेव बल्कि,उमाजी चिपडे,जनार्दन टापरे, हरिभाऊ बोबडे, सुभाष आमने क्रिष्णाजी चटप , आदि लोग उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन श्री उमाजी चिपडे गुरुजी ने किया।

सार्वजनिक सूचना

श्रीमती गंगुबाई पराड़कर पति का नाम स्वर्गीय जागो पराड़कर निवासी मु.पो.पंधराखेडी, त. सौसर, जि. पांढुर्णा (म.प्र.) का निधन दिनांक 10/05/1982 को हो गया था। मृत्यु प्रमाण पत्र बनवाने हेतु यह सूचना प्रकाशित की जा रही है। यदि किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो वह इस सूचना के प्रकाशन से 7 (सात) दिवस के भीतर निम्न पते पर संपर्क करें, अन्यथा बाद में z कोई दावा/आपत्ति मान्य नहीं होगी।

संपर्क/आवेदक-राजु हरिचंद्र पराड़कर
संबंध-पोता
पता- मु.पो.पंधराखेडी, त. सौसर, जि.पांढुर्णा
(म.प्र.)
मोबाइल-8516922839

PBM POLYTEX LTD
Unit: BLP Super Spinners

FACTORY:
16 to 19, Sector IB, MPIDC, Kheritaigaon-Borgaon, Tah.Sausar, Dist. Pandurna (M.P.) 480 106
Phone: 9285159498, 8120564917
Email: blossnamall.com

प्रति,
श्री सुरेशचंद पिता रामलक्ष्मण सिंह (तिकौट नं. 2229)
मु.पो. बोरगांव, वार्ड नं. 18, बजरंग कॉलनी, तह. सौसर, जि. पांढुर्णा (मध्यप्रदेश)

पीबीएम/सी.एस/2026/01
दिनांक - 02/02/2026

विषय :आरोप-पत्र

आप मिल में कोम्बर मेन्टेनंस विभाग में एक स्थायी कामगार के रूप में कार्यरत है तथा प्रतिदिन काम पर उपस्थित रहना आपका नैतिक कर्तव्य है, परंतु टाईम ऑफिस में उपलब्ध उपस्थिति प्रपत्र का अवलोकन से पाया गया कि, आप दि.07/04/2024 से लगातार आज तक बिना प्रबंधन को किसी पूर्व सुचना एंव अनुमती की कार्य से अनुपस्थित है। आपके उपरोक्त आदतन / लगातार अप्राधिकृत अनुपस्थित के संदर्भ में प्रबंधन ने नोटीस दि.07/05/2024 को एंव कारण बताओ नोटीस दि. 15/02/2025 रजिस्टर ए.डी द्वारा आपके निवासी पते पर भेजा गया था। आप दि. 07/04/2024 से निरंतर आज दि. 02/02/2026 तक कुल 571 दिन प्रबंधन को किसी पूर्व सुचना एंव अनुमती के बिना कार्य से अनुपस्थित है। आपकी अनुपस्थिति के कारण कंपनी के उत्पादन/अनुशासन पर होने वाले विपरित परिणाम ध्यान में रखकर आपके विरूद्ध आदतन अप्राधिकृत अनुपस्थिती के आरोप लगाये जाते है। आपका उपरोक्त कृत्य मिल के प्रमाणित स्थायी आदेशों की निम्न धाराओं के अंतर्गत मुख्य अवचार है- 12(1)-(Z-8)- लगातार दस दिन से अधिक दिनों तक कार्य से अनाधिकृत अनुपस्थिति. 12(1))-(Z-13)- आदतन बिना अवकाश अथवा बिना उचित कारण के अनुपस्थिती: आपको आदेशीत किया जाता है की, इस आरोप-पत्र के प्रकाशन की तारीख से तीन दिनों के भीतर अपना लिखीत जवाब प्रस्तुत करें की, उपरोक्त आरोप बाबद आपके विरूध्द क्यों न उचित अनुशासनिक कार्यवाही की जाय? यदि निर्धारित अवधि में आपका जवाब या कार्य पर उपस्थित नहीं होते है, तो यह माना जाएगा कि आप जानबूझकर अनुपस्थित है। इसके उपरांत प्रबंधन के पास उपलब्ध रेकॉर्ड के आधार पर श्रमिकों को लागु कंपनी के प्रमाणित स्थायी आदेशों के अंतर्गत कार्रवाई की जाएगी जिसमें आपके विरूद्ध सेवा से निष्कासन सहित सख्त अनुशासनात्मक/कानूनी एकतरफा कार्रवाई की जाएगी।

Head (HR & IR)
PBM POLYTEX LIMITED